Reg. No. :- JH-11-0004329
स्वामित्व : अपेम पेट्रॉन टीम
अपेम लाइव न्यूज
APEM LIVE NEWS सच का साथी
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)
Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01
दैनिक संध्या डिजीटल अखबार खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी दिनांक 06-11- 2021 अंक 47
प्रकाशन वर्ष : 2021 बरही से प्रकाशित एवं संचालित संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941
बरही चौपारण बरकट्ठा कोडरमा इचाक चंदवारा गिरिडीह चतरा हजारीबाग पदमा/चलकुशा राज्य/देश
Website- www.apemlive.com सच का साथी Email Id- liveapem@gmail.com

ट्रांसफार्मर लगने के बाद भी केवाल बिरहोर टोला के बिरहोरों को नही मिल पा रही है बिजली

खोड़ाहर पंचायत के बिरहोर पिछले दस सालों से अंधेरे में रहने को है मजबूर

अपेम लाइव : बरही

सोनु पंडित

OPPO A12 · ©Press : Barhi Live
2021/11/06 14:14

बिरहोरों के लिए निःशुल्क बिजली कनेक्शन की मांग करते बिरहोर

बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के केवाल बिरहोर टोला के बिरहोर पिछले दस सालों से अंधेरे में रहने को मजबूर है। बिरहोरों ने बताया कि अगर रात में हमलोग को कही आना जाना होता है तो अंधेरे में ही जाना पड़ता है। जिससे साँप बिच्छू का डर बना रहता है। बिरहोरों ने अपने जनप्रतिनिधियों पर आरोप लगाया कि जब चुनाव का समय आता है। तब सभी जनप्रतिनिधि हमारे बिरहोर टोला में आकर हमारा हाल चाल पूछते है। और जैसे ही चुनाव समाप्त हो जाता है। फिर कोई हाल चाल तक पूछने नही आता है, हमलोग को सिर्फ वोटबैंक के लिए इस्तेमाल किया जाता है। जब बिरहोर टोला में बिजली न होने की सूचना खोड़ाहर पंचायत के समजसेवी अनिल यादव एव मनोज रजक को मिली तो उन्होंने बरही विधायक से आग्रह कर ट्रांसफर्मर उपलब्ध करवाया। लेकिन ट्रांसफार्मर लगने के बाद भी उन्हें बिजली नसीब नही हो पा रहा है। क्योंकि बिजली विभाग बिना राशि लिए कनेक्शन देने को राजी नही है और बिरहोरों की आर्थिक स्थिति भी उतनी अच्छी नही है कि राशि देकर कनेक्शन ले। विलुप्त होते बिरहोर जनजाति के विकास के लिए कई जनकल्याणकारी कार्यक्रम चलाने का दम्भ भरती है। वहीं उसी बिरहोर को ट्रांसफार्मर लगने के बाद भी बिजली नसीब नही हो पा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजली विभाग के एसडीओ ने कहा कि बिजली कनेक्शन के लिए ८०० रुपया देना होगा। जो कि बिरहोर ८०० रुपया देने में असमर्थ है। समाजसेवी अनिल यादव एवं मनोज रजक ने बरही विधायक एवं बिजली विभाग के एसडीओ से आग्रह किया कि बिरहोरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराया जाए।

बरही छठ घाट का सफाई कराते बरही पश्चमी पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी कपिल प्रसाद केशरी

अपेम लाइव : बरही

लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को देखते हुए बरही पश्चमी पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी कपिल प्रसाद केशरी ने बरही छठ घाट का सफाई कराया। जानकारी के लिए आपको बता दे कि बरही छठ घाट में चारो तरफ गंदगी पसरा हुआ था। साथ ही साथ कपिल प्रसाद केशरी ने कहा कि छठ पूजा हिंदुओ का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है जिसमे साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। जिसको लेकर शनिवार सुबह छठ घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। मोके पर संजय साव, मो असलम, टिंकू पासवन, कार्तिक पासवन, भोली पासवन, शमशेर आलम, विक्की सिंह एवं लोकेश ठाकुर मौजूद थे।

भैया दूज पर बहनों ने गोधन कूट अपने भाइयों के लिए मांगा दीर्घायु का वरदान

न्यू कॉलोनी में भैया दूज मनाते बच्चे

अपेम लाइव : बरही

सोनु पंडित

बरही में भैया दूज का त्योहार श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर बरही के न्यू क०लनी सहित अन्य क्षेत्रों में बहनों द्वारा उपवास रख विधिवत पूजन एवं गोधन कूटने की परंपरा का निर्वहन किया गया।बहनों ने प्रातः काल स्थानीय जलाशाय से जल लाकर एवं गाय के गोबर से पूजन स्थल को लीप कर भैया दूज गोधन की पारंपरिक पूजन सामग्री तैयार किया और भाइयों के सर्व कल्याण एवं दीर्घायु की मंगल कामना के साथ विधिवत पूजन किया। सर्वप्रथम बहने समूह में गंगाजल दूध, दही, घी, पंचामृत से स्नान उपरांत रोड़ी, चंदन, अबीर, फूल, बेलपत्र, फल, नैवेद्य अर्पित कर षोडशोपचार विधि से पूजन विधि संबंध किया और अन्नकूट कर भाई बहन के स्नेह से परिपूर्ण पारंपरिक गीत गाकर भगवान को प्रसन्न करने का प्रयास किया। बहनों ने कांटा युक्त पूजन पौधे को मुंह में रखकर भाई के समस्त कष्टों से मुक्ति की हार्दिक प्रार्थना ईश्वर से की इसके पश्चात रूआ और मौली धागा से रक्षा सूत्र बांधकर बहनों ने भाई के सर्वार्थ मंगलसिद्धि की प्रार्थना की और लड्डु, चना, किसमिस आदि का प्रसाद खिलाया।भाइयों ने भी बहनो का पैर छूकर आशीर्वाद लिया वहीं धन एवं गिफ्ट देकर बहनों के रक्षा का संकल्प लिया। पंडित सुरेश शर्मा ने बताया कि जैसे रक्षाबंधन एवं कर्मा भाई बहनों का अटूट पर्व है वैसे ही भैया दूज भी सनातन धर्म का पौराणिक विधान है जिसमें मृत्यु के देवता यमराज और उनकी बहन यमुना के भाई बहन के स्नेह की पौराणिक कथा का वर्णन मिलता है। हमारे पर्व और त्योहार आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करने और हिंदू आस्था और परंपरा को जीवित रखने का माध्यम है। न्यू क०लोनी में रीशिका ,राहीनी,रीशित एव रचित ने भैया दूज मनाया।

APEM LIVE

दुर्गा पूजा एवं दीपावली के शुभ अवसर पर बजाज की पेशकश
DIGITAL LOAN CUM EXCHANGE MELA
खरीदें बजाज मोटरसाईकिल एवं स्क्रेच करें और पाएँ आकर्षक उपहार
Festival Dhamaka
स्क्रेच करें और सुनिश्चित उपहार पायें
SCRATCH HERE
Cash Discount- 300/-
SHAURYA AUTOMOBILES
Barhi Chowk, Near DVC Konra, Dhanbad Road, Barhi, Hazaribag
Mob.- 7061182890, 7079856924
जय श्री अम्बे माता
THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN
LED TV
HELMET
IRON
FREEZE
WASHING MACHINE
BAJAJ

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनु पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

सिंघरावां में समाजसेवी दीपक गुप्ता ने ग्रामीणों के साथ मिलकर कराया छठ तालाब की साफ- सफाई

अपेम लाइवःचौपारण

छठ घाट की साफ सफाई कराते दीपक गुप्ता

प्रखंड चौपारण के सिंघरावां गांव में लोक आस्था एवं सूर्योपासना के महापर्व छठ को लेकर घाट पर सक्रिय समाजसेवी दीपक गुप्ता के देखरेख में सिंघरावां छठ तालाब एंव तालाब तक जाने वाली रास्ते को मशीन के द्वारा साफ-सफाई कराया गया। दीपक गुप्ता ने बताया कि छठ तालाब तक जाने वाली रास्ते को बदतर स्थिति में देखते हुए मरम्मती के साथ सफाई को लेकर भी छठ तालाब में कच्चा बांध का निर्माण करवाया , घाट के चारो ओर चारो ग्रामीण युवा साथियों के द्वारा गंदगी हटाई गई। घाट की सफाई को लेकर समाजसेवी दीपक गुप्ता ने ये भी बताया कि वर्तमान जनप्रतिनिधियों से नजरअंदाज देख अपने निगरानी ने साफ-सफाई कराई। समाजसेवी लालेश साहू ने स्वयं तालाब की कमल की झाड़ियों को साफ करते हुए कहा कि इस तालाब में स्थिर रूप से पानी बांध के साथ छठ तालाब की भव्य रूप से हो सुंदरीकरण जिससे प्रत्येक साल के समस्या का निराकरण । मौके पर सफाई के दौरान मनोज साव,नरेश साव, अनिल साव,करन रविदास,बिट्टू शर्मा, शम्भू साव, बासुदेव साव, शुभम कुमार,रविकांत सिंह, हरीश कुमार, हरेंद्र कुमार,पंकज कुमार,छोटू सिंह, ज्वाला सिंह, चौहान कुमार , श्रावण कुमार, दीपक कुमार अमित, दिलीप गुप्ता,बंटी कुमार, छोटू ठाकुर, आर्यन गुप्ता, संदीप कुमार,प्रकाश कुमार ,हेमराज साव नरेश साव, जीतू कुमार, सहित कई युवा उपस्थित थे।

जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने कराया खूटवाटांड छठ डैम की कराई सफाई

अपेम लाइवः बरही

OPPO Reno3 Pro 4G
2021/11/05 10:39

छठ डैम की सफाई कराते जीप प्रतिनिधि मो कयूम एवं अन्य

लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर नदी घाट छठ तालाब की सफाई को लेकर जीप प्रतिनिधि काफी गंभीर दिख रहे है। प्रत्येक दिन अपने स्तर से छठ घाटों की सफाई करवा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को बरही प्रखंड के विजैया में स्थित खूटवाटांड एक नंबर डेम की सफाई जीप प्रतिनिधि मो कयूम एवं उप मुखिय शहदेव शर्मा के नेतृत्व में कई गई। छठ महा पर्व को देखते हुए बरही पूर्वी जिला परिषद् सदस्य मूनेजा खातून के प्रतिनिधि मो० कैयूम ने जेसीबी मशीन लगाकर डैम के चारो ओर सफाई कराया। झाडी को साफ कराया गया। छठव्रतियों की सुविधा के लिए सारी व्यवस्था कराया। मौके पर मुख्य रूप जीप प्रतिनिधि मो० कैयूम के साथ अभिषेक शर्मा , विकाश यादव, दिनेश शर्मा, प्रकाश शर्मा , पिंटू शर्मा, संतोष यादव, राजु शर्मा, राजकुमार शर्मा, शुकदेव यादव सहित कई लोगो ने सहयोग किया।

कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून की ओर से धनतेरस, दीपावली, छठ पूजा, भैयादूज एवं चित्रगुप्त पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं ।

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,
शुभ दीपावली

रामदेव साव

सुभाष पासवान

मंटु सिंह

सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,
1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दीपावली के दिन एम्बिशन अकादमी के विद्यार्थियों ने दीपक जलाकर भारत के वीर सपूतों को किया याद

अपेम लाइव : बरही

बरही प्रखण्ड स्थित मलकोको पंचायत में संचालित एम्बिशन अकादमी में दीवाली के मौके पे बच्चों द्वारा एक दिया शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा हमारे देश के सुरवीर शहीदों के लिए जो दिन-रात कड़ी मेहनत और लगन से अपने जान को कुर्बान कर देते हैं। उन सपूतों को श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम में अकादमी के वर्ग अष्टम, नवम एवं दशम के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक व आकषर्क रंगोली बनाई गई। साथ ही वीरों को श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पे उपस्थित एम्बिशन अकादमी के संचालक अज़हरुद्दीन ने बताया कि आज पूरे भारत में हम किसी भी त्यौहार को बहुत ही खुशी और सुरक्षित के साथ मानते हैं उसका श्रेय हमारे देश के सीमा पर तैनात भारतीय सैनिकों को जाता है। हमें हर पल उन सैन्य शक्तियों को याद करना चाहिये जिनके वजह से हम अपने घरों में परिवार के साथ महफूज रहते हैं। साथ ही उन्होंने कहा की जो विद्यार्थी अभी वर्ग अष्टम, नवम एवं दशम में अध्ययन कर रहे हैं। उन्हें कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। क्योंकि किसी भी लक्ष्य को हाशिल करने के लिए कड़ी मेहनत के साथ लगन और निरन्तर प्रयास करने की आवश्यकता है। और बोर्ड विद्यार्थियों का लिए फिलहाल अभी उनको अपने आगामी परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने का सबसे बड़ा लक्ष्य है। इस दीवाली में अज्ञान रूपी अंधेरे में ज्ञान रूपी दीप को जलाकर जिंदगी को रौशन करना ही मनुष्य का असल चुनौती है। वहीं कार्यक्रम में अकादमी के छात्र पिंटू कुमार , अतहर अंसारी, आलिम अंसारी, सूरज कुमार, मुस्तकिम, छात्रा आयेशा प्रवीण(कराटे चैम्पियन), तरन्नुम प्रवीण, तबस्सुम प्रवीण, रुकसार प्रवीण,सुनीता कुमारी, आएशा, पम्मी पासवान, अंजली पासवान आदि लोगों के सहयोग से कार्यक्रम का सफल समापन्न किया गया।

Ambition Academy
एक दीया शहीदों के नाम
AMBITION ACADEMY

दीपक जलाकर शहिदों को याद करते बच्चे

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

दीपावली एवं छठ
पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ

जितेन्द्र कुमार दिव्य (उर्फ जीतु ठाकुर)
पंचायत समिति सदस्य
बरही पश्चमी पंचायत
बरही

निवेदक-
रिंकी देवी
पुर्व प्रत्याशी, पंचायत समिति सदस्य
बरही पश्चमी पंचायत
बरही

निवेदक-
स्व0. बलदेव ठाकुर विधार्थी
पुर्व प्रत्याशी पंचायत समिति सदस्य
बरही पश्चमी पंचायत
बरही

निवेदक-
Mbo. 9708501583

चम्पाडीह में पांच दिवसीय दुर्गा पाठ सम्पन्न, अखंड कीर्तन का आयोजन

अपेम लाइव : पदमा

पदमा प्रखंड़ के चम्पाडीह गांव में शांति के लिए पाँच दिवसीय दुर्गा पाठ का आयोजन किया गया था जो आज शांतिपूर्ण तारकीय सम्पन्न हुआ। दुर्गा पाठ के सचिव विक्की मेहता में बताया कि गांव में शांति के लिए यह पाठ का आयोजन किया गया था। वही कोषाध्यक्ष संजय मेहता ने कहा कि अखंड कीर्तन कल सुबह 11 बजे सम्पन्न होगा। वही दुर्गा पाठ को लेकर चम्पाडीह के ग्रामीणों में काफी उत्सुकता दिखी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बजरंग दल के प्रखंड मंत्री सीकेन्द्र मेहता, रोमी पंचायत के उपाध्यक्ष संजय उर्फ केवी मेहता, उप प्रमुख देवंती देवी, उप प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम मेहता, उप मुखिया किरण मेहता, पंचायत सकमिति सदस्य उम्मीदवार मंजू देवी, निलम देवी, कुंती देवी, शारदा देवी, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता अभिजीत मेहता, विजय मेहता, सुभाष मेहता, सुशांत मेहता, बालेश्वर मेहता, शैलेन्द्र मेहता, मुनिलाल मेहता, विकास मेहता, रूपलाल माहतो, मुरली मेहता, राजकुमार मेहता, राजकुमार मेहता, राम प्रकाश मेहता एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित थे।

अपेम लाईव न्युज मे विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
9550809864

आज का पचांङ्ग----
आज का अंग्रेजी दिनांकः---07.11.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेरू---1943
याम्यायन याम्यगोलरू
ऋतुः---शरद
माहः---कार्तिक
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---तृतीया तिथि
दिनः---रविवार
नक्षत्रः---ज्येष्ठा नक्षत्र
योगः---अतिगण्ड
करणः---तै
सूर्योदय :---प्रातः 06:31
सूर्यास्त रु संध्या 05:29
सूर्य :---तुला राशि में
चंद्रमा :---वृश्चिक राशि में
आज का राहूकाल संध्याः---04:30 बजे से संध्यारू---06:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नहीं करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज आदित्यहृदय स्तोत्र का पाठ करने से शाशन प्रशासन में रुका हुआ कार्य जल्द पूरा होता है।

आलेखः-
संदीप शर्मा
वास्तु,कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी,
चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

भीमराव आंबेडकर पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन, जीप प्रतिनिधि हुए शामिल

हृदयगति क़ने से समाजसेवी राजदेव नारायण सिंह की निधन

अपेम लाइवः बरही

बरही प्रखंड के केदारूत पंचायत अंतर्गत देवचंदा गांव के वरिष्ठ समाजसेवी 70 वर्षीय राज देव नारायण सिंह पिता स्वर्गीय लालमोहन सिंह के अंतिम अग्नि संस्कार में विधायक प्रतिनिधि बरही विधानसभा सह क०न्ग्रेस जिला महासचिव विनोद यादव शामिल हुए। विदित हो कि स्वर्गीय राजदेव बाबू सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया करते थे वे लोगों को निस्वार्थ भाव से सेवा करते थे। मृदुल स्वभाव के श्री सिंह आसपास के क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे। बीती रात अचानक हृदय गति रुक जाने से उनका दुखद देहांत हो गया। निधन होने की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है। दिवंगत अपने पीछे 2 पुत्र एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मुखाग्नि मृतक के बड़े पुत्र राम नारायण सिंह ने नोनिया नदी के तट पर दी। अंतिम यात्रा में शामिल होने वालों में प्रमुख प्रति. निधि देवनंदन यादव मुखिया सुरेंद्र प्रसाद यादव ब्रह्मदेव सिंह रमेश सिंह लाल केश्वर सिंह सुरेश यादव मिथिलेश सिंह रघुनाथ सिंह शत्रुघन सिंह फुलेश्वर सिंह तारकेश्वर सिंह किशुन सिंह गोपाल यादव कुलदीप राणा गणेश करण देव सहदेव करण देव रविंद्र सिंह तेज नारायण सिंह विजय सिंह किशोर सिंह रामप्रवेश सिंह संतोष सिंह मून ठाकुर जागो भुइयां खड़क धारी यादव समेत सैकड़ों की संख्या में शामिल रहे। उक्त जानकारी प्रखंड कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने दी।

भीमराव आंबेडकर पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन, जीप प्रतिनिधि हुए शामिल

OPPO Reno3 Pro 4G
2021/11/06 13:25

अपेम लाइवः बरही

मलकोको में संचालित ड० भीम राव अम्बेडकर पब्लिक स्कूल में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के 11 टीमों ने भाग लिया । जिसमें अलग अलग थीम पर रंगोली का चित्र बनाया गया। थीम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, भ्रूण हत्या, पृथ्वी बचाओ, सबसे बडा धर्म मानवता सहित ऐसे समाज में फैले कुर्तियों से संबंधित शामिल था। इस प्रतियोगिता मे ललिता, शहनाज , अन्नू, मुस्कान, राहुल, अंजलि, संतोषी, गुलनाज, हुस्ना बानो, खसार, जन्नत , तहसीन, सानिया, नुसरत, पंकज, पवन, शहज़ाद, सोनू, आशीष, निशा, नगमा, नेहा, शबनम, आदि ने बेहतर प्रदर्शन किया। मौके पर मुख्य रूप से बरही पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि मो क्युम अंसारी, मलकोको के मुखिया प्रति. निधि विजय यादव, सुरेश यादव, सुलेमान अंसारी, छतरु यादव, रंजीत यादव, अरविंद प्रसाद, सहदेव राणा, शिक्षक संतोष राणा,पारा शिक्षक केदार राणा,समाज सेवी जहूर अंसारी,मुखिया प्रत्याशी लाली प्रसाद एवम विद्यालय प्रधानाचार्य गुलाब कुमार दास शिक्षक दिनेश यादव, सूरज दास, शंकर दास, प्रवीण कुमार, सकलदेव यादव, सिमा कुमारी ,रिज़वान , पंकज आदि लोग मौजद थे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार
सहयोगीः सोनू पंडित,
एडिटिंग- धनंजय कुमार
मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

समाजसेवी बद्री यादव ने बरही चौक में चलाया सफाई अभियान

अपेम लाइव : बरही

सफाई अभियान चलाते बद्री यादव

बरही पश्चिमी जिला परिषद प्रत्यासी के पति सह समाजसेवी बद्री यादव के द्वारा बरही चौक तथा चारो रोड में सफाई अभियान चलाया गया। दर्जनों सहयोगियों ने बरही चौक तथा चारो रोड पर फैले कूड़े कचरे को साफ कर जगह-जगह एकत्रित कर ट्रेक्टर के माध्यम से कूड़े कचड़े के ढेर को हटवाया। उनके इस कार्य से बरहीवासी काफी अभिभूात नजर आये। उन्होंने सभी व्यवसायी दुकानदार अपने दुकान के आगे लगे डस्टबीन में कूड़ा कचरा डालने की अपील की है। समाजसेवी द्वारा सफाई अभियान का असर चकाई में दिखने लगा है। इस सफाई अभियान के बारे में पूछे जाने पर समाजसेवी बद्री यादव ने बताया कि छठ महापर्व को देखते हुए बरही छठ घाट की सफाई के साथ साथ चौक चौराहों की भी साफ सफाई आवश्यक है। मौके पर बालेश्वर तुरी, ज्ञानी तुरी, लक्ष्मण मल्हौर, संदीप मल्हौर, जयराज कुमार, आकाश कुमार, रौशन कुमार, नीतीश कुमार, पीयूष कुमार, बंगाली निषाद, समाजसेवी नरेश केशरी आदि ने सहयोग किया।

समाजसेवी ने अपने पोते की मुहजुठी की खुशी बिरहोरों के संग मिठाई बांटकर कर मनाई

अपेम लाइव : बरही

मिठाई बांटकर खुशीयाँ मनाते अशोक सिंह

बरही डीह निवासी समाजसेवी व विधायक उमाशंकर अकेला के एफसीआई प्रतिनिधि अशोक कुमार सिंह ने अपने पोते दक्ष कुमार सिंह की मुंह जूठी के खुशी में बिरहोरों के बीच मिठाई बांटकर खुशी मनाई। ज्ञात हो कि लोग अमूमन अपने बच्चों की मुँहजुठी कार्यक्रम अपने घर मे खुद सेलिब्रेट करते है। लेकिन अशोक सिंह ने अपने घर का कार्यक्रम सम्पन्न कर मिठाई लेकर केवाल बिरहोर टोला पहुंचे और अपने पोते के नाम पर मिठाई का वितरण किए। इस दौरान बिरहोर एवं उनके बच्चे काफी खुश दिखे। अशोक सिंह ने कहा कि बिरहोर आदिम जन जाती है। इन्हें संरक्षित करने की जरूरत है। इन्हें भी खुशी मिलनी चाहिए। मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अपना प्रेम स्नेह भी देना जरूरी है। यही कारण है कि हमारा आत्मीय जुड़ाव बिरहोरों से हो गया है। जब भी हमारा कोई भी घरेलू सेलिब्रेशन होता है। मैं कोशिस करता हूँ कि अपनी खुशियां बिरहोरों के बीच बांटू। इसी निमित बीरहोरो के बीच मिठाई बांटकर अपने पोता की दीर्घायु की कामना की है।

खोड़ाहर पंचायत में अब दिखेगा परिवर्तन

सबका साथ सबका विकास

अब होगा विकास आने वाली हैं शिक्षित, युवा एवं कर्मठ उम्मीदवार

शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार,
कृषि एवं महिला
सशक्तिकरण
हमारी प्राथमिकता

सोनी कुमारी
भावी मुखिया प्रत्याशी
(खोड़ाहर पंचायत)

छोटेलाल यादव
समाजसेवी
(खोड़ाहर पंचायत)

आप हमें समर्थन दीजिए
हम आपको परिवर्तन देंगे

निवेदक
रोहित कुमार यादव
(मुखिया प्रत्याशी प्रतिनिधि)
खोड़ाहर पंचायत

प्रसारित

आपका विश्वास मेरा प्रयास

एक कदम विकास की ओर

पंचायत चुनाव 2021
खोड़ाहार के

नेक, निर्भीक, जनहितेशी, लोकप्रिय
युवा समाजसेवी..

मनोज रजक
भावी पंचायत समिति
सदस्य प्रत्याशी

मो0 नं0: 8340647185, 9471367906

बरही पश्चिमी पंचायत के भावी मुखिया प्रत्याशी अनिता देवी की ओर से छठ पूजा, चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर बरही वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

अनिता देवी, मुखिया प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

हमारा विजन

1. बरही पश्चिमी पंचायत को आदर्श पंचायत के रूप में स्थापित करना प्राथमिकता

2 स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिला सशक्तकरण को बढावा देना ।

3 आम सभा कराकर ही सरकारी योजनाओं का चयन एवं कियान्वयन प्राथमिकता।

4. गरीब एवं मेधावी बच्चों की शिक्षा के लिए विशेश व्यवस्था करना।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

केवाल बिरहोर टोला निवासी मंगरी बिरहोरीन का निधन

विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह पहुंच कराया दाह संस्कार, की आर्थिक सहयोग

दाह संस्कार कराते अशोक सिंह

अपेम लाइव : बरही

मृतक (मंगरी)

खोड़ाहर पंचायत के केवाल बिरहोर क०लोनी में रहने वाली मंगरी बिरहोरीन (70) की मौत लंबी बीमारी की कारण नेचुरल तरिके से हो गई। इसकी सूचना मिलने पर समाजसेवी एवं विधायक प्रतिनिधि एफसीआई अशोक सिंह केवाल पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। इसके साथ ही अपनी उपस्थिति में दाह संस्कार की सारी प्रक्रिया सम्पन्न कराया। इसके साथ ही शोकाकुल परिवार से मिलकर उन्हें अपने स्तर से आर्थिक सहयोग भी किया। विदित हो कि अशोक सिंह हमेशा से बिरहोरों के विकास एवं कल्याण के लिए प्रयत्नशील रहे हैं। यही करण है कि बिरहोर भी किसी भी समस्या आने पर उनकी खोज जरूर करते हैं।

वार्ड सदस्य ने साड़ी धोती का वितरण किया

अपेम लाइव : बरकट्ठा

साडी घोती व लुॅगी वितरन करते जविप्र0 विकेता व अन्य

बरकट्ठा राज्य सरकार की कल्याणकारी योजना सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना के तहत बरकट्ठा प्रखंड के झुरझुरी पंचायत के वार्ड नम्बर दो गुंजरा में पीडीएस डीलर विजय कुमार यादव की दुकान में लाभुकों के बीच झामुमो बरकट्ठा प्रखंड उपाध्यक्ष सह जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता, झुरझुरी मुखिया सावित्री देवी, कोनहरा खुर्द मुखिया रघुनाथ सिंह और पंचायत समिति सदस्य मंजु देवी के द्वारा संयुक्त रूप से धोती, साड़ी और लूंगी वितरण किया गया. जिसमें पीएच 338 और अंत्योदय 86 कुल 424 कार्डधारकों (लाभुकों) को साड़ी, धोती/लुंगी वितरण किया गया है. मौके पर झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता ने कहा कि राशन कार्ड के लाभुकों को साड़ी, धोती/लुंगी छठ त्योहार के मौके पर सरकार ने देकर सौगात दी है. सोना-सोबरन योजना के तहत धोती, साड़ी, लुंगी 10रू. में अंतिम तबके के गरीब परिवार के लोगों को वर्ष में दो बार 10 रूपए की सांकेतिक राशि पर वस्त्र उपलब्ध कराए जा रहे है मौके पर जन वितरण प्रणाली के दुकानदार भीम प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद, विजय कुमार यादव, समाजसेवी एवं भावी मुखिया उम्मीदवार ललन यादव, प्रमोद दास, सीताराम यादव, कौलेश्वर यादव, अनुज यादव, लक्ष्मण यादव, फूलचंद यादव, अल्लाउद्दीन मियां, गुलाम रसूल, जानकी दास, रामचन्द्र प्रसाद समेत बड़ी संख्या में कार्डधारी उपस्थित थे.

विजैया पंचायत से रेणु देवी ने मुखिया पद के पेश की दावेदारी

अपेम लाइव : बरही

रेणु देवी

रीजेन्द्र प्र0 यादव

बरही प्रखंड अन्तर्गत विजैया पंचायत के मुखिया पद के लिए सामाजिक कार्यकर्ता (सह) आरटीआई कार्यकर्ता राजेन्द्र प्रसाद यादव की धर्मपत्नी रेणु देवी अपनी दावेदारी पेश की है। साथ ही उन्होंने अपने पंचयतवासियों से अपील किया एक बार मुझे अपना आशीर्वाद दे। साथ ही उन्होंने कहा कि मेरा मुख्य उद्देश्य - विजैया को आदर्श पंचायत बनाना, वृद्ध , विकलांग और विधवाओ को विधवा पेंशन दिलवाना। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, पेयजल, जरूरत मंद व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाना प्राथमिकता होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि विजैया पंचायत में सभी का मान सम्मान दिया जाएगा। कोई भी सरकारी योजना आम सभा कर ही चयन व क्रियान्वयन किया जाएगा।

APEM
LIVE

श्री श्री देवी मंडप शांति पाठ हेतु कलशयात्रा का आयोजन, शामिल हुए विधायक अमित कुमार यादव

क्लश यात्रा मे शामिल महिलाएँ

अपेम लाइव : बरकट्ठा

क्लश यात्रा मे शामिल विधायक व अन्य

बरकट्ठा प्रखण्ड ग्राम कपका में श्री श्री 108 श्री देवी मंडप शांति पाठ हेतु कलशयात्रा का भव्य आयोजन विधायक अमित यादव जीप सदस्य कुमकुम देवी ने संयुक्त रूप से कलशयात्रा में शामिल हुए इसके पूर्व पीले वस्त्रों में सज धजी देवी स्वरूपा माताओ व बहनों को सभी देवी देवताओं को आह्वन कर उत्तरवाहिनी नदी से अपने अपने जलपात्रों में जल भर कर विधायक अमित यादव व अतिथियों ने शोभायात्रा के लिए विदा किया शोभायात्रा ग्रामीण सड़क से होते हुए गांव स्थित देवी मंडप में कलश रख कर शांति पाठ आरम्भ किया गया देवी गीतों व नारो से पूरा गांव गुंजयमान था वही मुख्य अतिथि अमित यादव ने कहा कि देवी माँ को निर्मल मन से भक्ति करने वाले भक्त बहुत ही प्रिय होते हैं। इस संसार में परमात्मा की शरण ही मोक्ष है। यज्ञ आयोजन से आस-पास का वातावरण शुद्ध व भक्ति मार्ग प्रशस्त होता है। मौके पर जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, रघुबीर प्रसाद, कमल कुमार कुलदीप प्रसाद, मनोज मंडल, तुलसी प्रसाद समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण माताएं उपस्थित थीं।

चौबे पंचायत से जयदेव चौधरी होगें मुखिया उम्मीदवार

अपेम लाइव : चलकुशा

जयदेव चौधरी

प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चौबे के पूर्व मुखिया सह भाजपा जिला मंत्री समाज सेवी संघर्षशील, कर्मठ जयदेव चौधरी होगें चौबे पंचायत से मुखिया उम्मीदवार। श्री चौधरी ने कहां की मैं अपने कार्यकाल में बरकट्ठा प्रखंड हो या फिर चलकुशा प्रखंड मैं लोगों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का काम किया हूं।मे चौबे पंचायत के साथ साथ चलकुशा प्रखंड के लोगों के लिए भी मैंने अनेकों कार्य किया है जैसे बरकट्ठा प्रखंड से चलकुशा प्रखंड को अलग कर आना चौबे रेलवे स्टेशन में धनबाद गया इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव करवाना दुर्गा पूजा से लेकर छठ पूजा तक हावड़ा जम्मूतवी सियालदह एक्सप्रेस का चौबे रेलवे स्टेशन में ठहराव करवाना।एसबीआई बैंक खुलवाना, चौबे मे हाई स्कूल करवाना जिससे छात्र, छात्राओं को पढाई करने मेसुविधा हो रहा है। इस तरह का मैंने आनेको काम किया है ।

चलकुशा पंचायत से राजकुमार पंडित होगें मुखिया प्रत्याशी

अपेम लाइव : चलकुशा

राजकुमार पंडीत

प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चलकुशा निवासी राजकुमार पंडित पिता जगदीश पंडित होगें चलकुशा पंचायत से मुखिया प्रत्याशी श्री पंडित ने कहा कि मे पंचायत के जनता के साथ सुख दुख में साथ मिल कर चलने का काम किया है।इस बार चलकुशा पंचायत के जनता मुझे मौका दिया तो मे गरीबों को प्रधानमंत्री आवास, विधवा पेंशन,इत्यादि के लिए प्रखंड मुख्यालय का बार बार चकर नहीं लगाने दुगा।पंचायत के सभी समुदाय के लोगों के साथ कदम से कदम मिला कर चलने का काम करूंगा।श्री पंडित ने लोगों के आस्था का छठ महापर्व पर लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दिया है।

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पशुधन की पूजा कर किसानों ने मनाया बरधखुट्टा पर्व

अपेम लाइव : विष्णुगढ़

मिथिलेश गोल्डी

विष्णुगढ़ के नावाटांड में बरधखुट्टा मेले में उत्सव का आनंद उठाते ग्रामीण

विष्णुगढ़ के विभिन्न इलाकों में शनिवार को गौधन पूजन पर सोहराय सह बरधखुट्टा मेला का आयोजन धूमधाम से किया गया। बनासो के नावाटांड, चटकरी, तेलनियांटांड, भेलवारा समेत अन्य गांवों में आयोजित मेला में काफी संख्या में लोग शामिल हुए और पारंपरिक उत्सव का आनंद उठाया। अहले सुबह पशुपालक किसानों ने गोहाल एवं आंगन की साफ–सफाई कर पशुधन को बेहतर तरीके से सजाकर पूजा की। दीपावली के दूसरे दिन अधिकांश गांवों में पारंपरिक बरधखुट्टा उत्सव की प्राचीन परंपरा रही है। इसमें किसान अपने पशुधन को तेल सिंदूर लगाकर एक खूंटे में मवेशी को बांधकर ढ़ोल नगाड़े और झूमर गीतों के साथ बैलों के रिझाते हुए उत्सव का भरपूर आनंद उठाते हैं। बरधखुट्टा को लेकर नावाटांड एवं चटकरी में लगे मेले में कई तरह की दुकानें सजी थी। मां लक्ष्मी एवं श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर तीन दिवसीय पूजा का भी आयोजन किया गया। रविवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ पूजा सह बरधखुट्टा मेला का समापन हो जाएगा। आयोजन में राज. कुमार महतो, अनंतलाल महतो, बासुदेव महतो, गुलाब महतो, चंद्रशेखर, वकील महतो, रामचंद्र महतो, खेमलाल महतो, राजेश, अजय, माही पटेल, रामदास ठाकुर, सुरेश राम, प्रदीप राम, हीरो सिंह, सिद्धार्थ, भीम, जानकी महतो, अमूल्यचंद्र पांडेय, दीपक यादव आदि का सराहनीय योगदान रहा।

बड़कागांव के काली मंदिर में भंडारा का आयोजन

अपेम लाइव : बड़कागांव

अमित मालाकार

भंडारा में शामिल लोग

काली मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। माता महाकाली के मंदिर में भोग लगाया गया ।इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया तत्पश्चात पूजा का विसर्जन किया गया।पूजा को सफल बनाने एवं भंडारा वितरण करने में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन, सचिव अजीत कुमार रवि ,कोषाध्यक्ष सुकेश कुमार, संरक्षक के रूप में रामेश्वर राम ,महेश राम, उपाध्यक्ष जोगन राम, नागेंद्र कुमार, अकाश कुमार, राजू कुमार एवं सूरज कुमार, उपसचिव शंभू रविदास ,संयोजक देवनारायण राम, रंजन राज, संतोष राम, पूजा प्रभारी रामवृक्ष राम, संजय निगम एवं तीजन राम, मनोरंजन मंत्री राजू कुमार रवि, चंदन गुरु, मीडिया प्रभारी दीपक सिन्हा संजय सागर, संगठन मंत्री सरयू राम ,सुरेंद्र राम ,सचेतक धर्मेद्र राम ,राजेश कुमार दास, ईश्वर कुमार, कार्यकारिणी कमेटी के सदस्य रामसेवक सोनी ,पुरोहित शंकर मिश्रा, रघुनाथ राम ,सुरेंद्र राम, जयप्रकाश राम, चेत लाल, राम रामचंद्र राम, सुजीत राम ,अविनाश अहूजा, राशन मेहरा ,प्रकाश कुमार, टिंकू कुमार, निशांत कुमार, रवि कुमार राम आदि उपस्थित थे. भंडारा में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

बी डी ओ ने किया विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण

प्रखण्ड के विभिन्न छठ घाटों पर चलाया जा रहा है स्वच्छता अभियान : हुलास

अपेम लाइव :कान्हाचट्टी

OPPO Reno2 F
2021/11/06 12:03

छठ घाट का निरीक्षण करते विडियो

शनिवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने प्रखण्ड के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में श्री महतो कान्हाचट्टी बाजार के छठ घाट शायल बगीचे पहुंचे जहाँ श्री महतो ने पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि को कहा कि इस छठ घाट पर कचरा का भरा है जिसे अविलम्ब स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई करने का निर्देश दिया। निर्देश के बाद चिरिदिरी मुखिया प्रतिनिधि विजय सिंह ने कहा कि रविवार को छठ घाट पर सफाई अभियान चलाकर सफाई किया जाएगा। वही बी डी ओ श्री महतो ने कहा कि अभियान चलाकर प्रखण्ड के छठ घाटों का सफाई किया जाएगा। मौके पर दर्जनों लोग उपस्थित थे।

APEM
LIVE

बड़कागांव चित्रांश परिवार ने धूमधाम से की चित्रगुप्त की पूजा

अपेम लाइव : बड़कागांव

अमित मालाकार

पूजा में शामिल लोग

बड़कागांव में चित्रांश परिवार के लोगों ने धूमधाम से भगवान चित्रगुप्त की पूजा की । पूजा को लेकर लोग अहले सुबह से ही पूजा की तैयारी में जुट गए थे। पूजा के दौरान लोगों ने अपनी अपनी कलम दवात भगवान चित्रगुप्त के समक्ष समर्पित किया एवं पूरे 1 वर्ष की आमद और व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। पूजा के पश्चात लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूजा के बाद लोगों ने पूरे दिन कलम से लेखनी कार्य पूर्ण रुप से बंद रखा। मौके पर पूजा में शामिल लोगों में मुख्य से बिंदेश्वरी प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, विनोद सिन्हा, सुरेश सिन्हा, अरुण सिन्हा, किशोर सिन्हा दिनेश सिन्हा, दीपक सिन्हा, कमलेश श्रीवास्तव, रूपेश कृष्ण, रोहित सिन्हा, अंकित सिन्हा, अमित सिन्हा, विकास सिन्हा, बीके सिन्हा, रवि सिन्हा, अंशदीप राज, देवदीप राज, मन सिन्हा ,आयुष सिन्हा, पीयूष सिन्हा, गोलू सिन्हा ,सोनू सिन्हा ,मोनू सिन्हा के अलावा कई लोग उपस्थित थे। भंडारा में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

स्टेट बैंक ने बहुद्देशीय ऋण एवं बीमा कैम्प का आयोजन

शिविर में एक करोड़ तीस लाख का किया गया ऋण वितरण

किसानों का आय दोगुना करने के लिए किसानों को दिया जा रहा है के सी सी ऋण : बी डी ओ

अपेम लाइव :कान्हाचट्टी

SBI
भारतीय स्टेट
बहुउद्देशीय ऋण एवं
कान्हाचट्टी एवं
2021/11/06 12:29

शिविर में शामिल पदाधिकारी

शनिवार को कन्हाचट्टी के पुराना ब्लॉक शायल बगीचे के मैदान में भारतीय स्टेट बैंक राजपुर एवं कन्हाचट्टी शाखा के द्वारा बहुउद्देशीय ऋण व बीमा कैंप किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि कान्हाचट्टी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो एवं सी एम क्रेडिट प्रशांत झा ने द्वीप प्रज्वल्लित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। शिविर में बड़ी संख्या में लाभुकों को कृषि ऋण एवं सहायता समूह को एस एच जी एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना पीएमएफबीवाई प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना पीएम जे जे वाई अटल पेंशन योजना के तहत ऋण का वितरण किया गया।किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत सर्वाधिक ऋण वितरित किए गए इस कैंप में कुल 373 लाभुकों को किसान क्रेडिट कार्ड दिया गया, जिसमें एक करोड़ बारह लाख एवं वही 17 स्वयं सहायता एसजीएस 17 लाख के ऋण वितरित किए गए एवं इसके अतिरिक्त पर्सनल लोन एवं दो पेंशन लोन का भी स्वीकृति पत्र का वितरण किया किया गया। इस शिविर में कुल 557 व्यक्तियों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के दायरे में लाया गया, 105 व्यक्तियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत निमित किया गया। अटल पेंशन योजना भी 20 लोगों को किया गया। सबसे ज्यादा के सी सी के लाभुकों को ऋण दिया गया, कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आर बी ओ से आए सी एम क्रेडिट प्रशांत झा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए भारतीय स्टेट बैंक ऋण वितरण का कार्य करती है ताकि ग्रामीण क्षेत्रो के लोगो के आर्थिक स्थिति में सुधार लाकर उनके जीवन चर्या को ऊपर उठाना है।वही कान्हाचट्टी बी डी ओ हुलास महतो ने शिविर में उपस्थित लोगों को कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने का एक ही उपाय के सी सी है, किसानों को बैंक से ऋण देकर उनकी आय को दोगुनी किया जा सकता है।उपस्थित अतिथियों ने ऋण स्वीकृति पत्र देकर उन्हें फसल उत्पादन बेहतर करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट अविनाश कुमार शाखा प्रबंधक विकास एवं अधिकारी बृजेश रवि राजेश दास के हाथों ऋण स्वीकृति पत्र वितरण किया गया

पत्रकार संजय कुमार सिंह लड़ेंगे पंचायत समिति सदस्य पद का चुनाव

अपेम लाइव : चुरचू

अरविन्द टुडू

संजय कुमार सिंह

वरीय पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता संजय कुमार सिंह चुरचू से जिला पंचायत समिति सदस्य पद का चुनाव लड़ेंगे। क्षेत्रवासियों के आगरा और सम्मान करते हुए उन्होंने चुनाव लड़ने का फैसला किया है। कई वर्षो से चुरचू प्रखंड क्षेत्र में सामाजिक कार्य करते हुए जनता में भी भावी पंचायत सरपंच पद के उम्मीदवार संजय सिंह के प्रति काफी उत्साह नजर आ रहे है। चुरचू क्षेत्र के युवाओं ने कहा कि पहली दफा इस क्षेत्र को एक व्यवहार कुशल, अनुभवी, निष्ठावान, सामाजिक कार्यकर्ता पसस के लिए मिला है। इनकी जीत क्षेत्र की जनता की जीत होगी। इनकी जीत में क्षेत्र का विकास होगा। संजय कुमार सिंह ने कहा कि चुरचू क्षेत्र में चहुमुखी विकाश करना मेरा प्राथमिकता होगी। क्षेत्र मेरा जन्मभूमि व कर्मभूमि है। उन्होंने कहा पिछले 10 वर्षो से मैं सामाजिक सेवा कर रहा हूं। साथ ही उन्होंने कहा कि आप लोगों के उत्साह और मेरे प्रति सम्मान भाव को देखकर मैं निशब्द हूं। जिस उम्मीद से आप लोगों ने मुझे पंचायत समिति सदस्य (सरपंच) के तौर पर नामित किया है। साथ ही उन्होंने जनता का सहयोग मांगते हुए कहा कि जनता के साथ मिलकर अपने क्षेत्र का चहुमुखी विकास करूँगा।

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

अनियंत्रित मारूति वैन पेड़ से टकराई, दो घायल

दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त मारूति वैन

घायल चालक

अपेम लाइव : विष्णुगढ़
मिथिलेश गोल्डी

विष्णुगढ़ गोमिया रोड़ में गझंडी के पास गोमियां की ओर जा रही एक मारूति वैन (जेएच09एजी 4616) अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना में वैन पर सवार चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में गिरिडीह जिला के निमियांघाट थाना क्षेत्र के इसरी निवासी विक्की जायसवाल (40) पिता बिनोद प्रसाद जायसवाल तथा सुनील जायसवाल (45) पिता राम भगत शामिल हैं। दोनों आपस में दोस्त हैं। पेड़ से टकराने के बाद वैन पर सवार दोनों युवक बोनट व स्टेरिंग के धंस जाने से बुरी तरह दब गए। घटना की सूचना पाकर विष्णुगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन को काटकर काफी मशक्कत के बाद घायल विक्की जायसवाल को बाहर निकाला। घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। चिकित्सक ने जांच कर बताया कि विक्की जायसवाल के पैर की हड्डी टूट गई है और चेहरे पर भी गंभीर चोटें आई है। वहीं, उनके साथी सुनील जायसवाल का भी पैर टूटने की पुष्टि चिकित्सक ने की। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों का प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस दुर्घटना के अलावा प्रखंड के ह०स्पीटल चौक के समीप एक अन्य दुर्घटना में बाइकसवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल रूपलाल हांसदा परसातरी चितरामो का रहने वाला है। उसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया।

जयराम नगर में स्थानीय लोगों ने प्रतिबंधित मांस लदे बिना नंबर के ऑटो को पकड़ा

अपेम लाइव :गिरिडीह
रोहित कुमार

पकड़ा गया युवक

बरवाडीह के समीप जयराम नगर में शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने प्रतिबंधित मांस लदे एक अ०टो को पकड़ा।सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और ऑटो को कब्जे में ले लिया।वहीं इस मामले में पुलिस ने कुरेसी मुहल्ला के राजा अंसारी को पकड़ा है। जबकि दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गये। मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, डीएसपी संजय राणा, नगर थाना प्रभारी रामनारायण चौधरी सदलबल आरोपीयों की तलाश में जगह-जगह छापेमारी कर रहे हैं। इस बाबत एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 40 किलो गौवंशीय प्रतिबंधित मांस जब्त किया गया है। वहीं बिना नम्बर के ऑटो को जब्त कर व आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पुलिस मामले की जांच की जा रही है।

भैया दूज पर बहनों ने गोधन कूट मांगा दीर्घायु का वरदान

अपेम लाइव : चुरचू
अरविन्द टुडू

पूजा करती बहने

भैया दूज के पावन अवसर पर कोयलांचल के विभिन्न कॉलोनियों एवं चुरचू प्रखंड के आठों पंचायतों में बहनों द्वारा उपवास रख विधिवत पूजन एवं गोधन कूटने की परंपरा का निर्वहन किया गया। बहनों ने प्रातः काल स्थानीय जला से जाकर जल लाकर एवं गाय के गोबर से पूजन स्थल को लिप कर भैया दूज गोधन की पारंपरिक पूजन सामग्री तैयार किया और भाइयों के सर्व कल्याण एवं दीर्घायु की मंगल कामना के साथ विधिवत पूजन किया। सर्वप्रथम बहने समूह में गंगाजल दूध, दही, घी, पंचामृत से स्नान उपरांत रोड़ी, चंदन, अबीर, फूल, बेलपत्र, फल, नैवेद्य अर्पित कर षोडशोपचार विधि से पूजन विधि संबंध किया और अन्नकूट कर भाई बहन के स्नेह से परिपूर्ण पारंपरिक गीत गाकर भगवान को प्रसन्न करने का प्रयास किया। बहनों ने कांटा युक्त पूजन पौधे को मुंह में रखकर भाई के समस्त कष्टों से मुक्ति की हार्दिक प्रार्थना ईश्वर से की इसके पश्चात रूआ और मौली धागा से रक्षा सूत्र बांधकर बहनों ने भाई के सर्वार्थ मंगलसिद्धि की प्रार्थना की और लड्डू, चना, किसमिस आदि का प्रसाद खिलाया। भाइयों ने भी बहनो का पैर छूकर आशीर्वाद लिया और धन एवं गिफ्ट देकर बहनों के रक्षा का संकल्प लिया। तापिन साउथ कॉलोनी के कर्मकांडी एवं ज्योतिषाचार्य पंडित अमित मिश्रा ने बताया कि जैसे रक्षाबंधन एवं कर्मा भाई बहनों का अटूट पर्व है वैस ही भैया दूज भी सनातन धर्म का पौराणिक विधान है जिसमें मृत्यु के देवता यमराज और उनकी बहन यमुना के भाई बहन के स्नेह की पौराणिक कथा का वर्णन मिलता है। हमारे पर्व और त्योहार आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करने और हिंदू आस्था और परंपरा को जीवित रखने का माध्यम है।

सांसद जयंत सिन्हा ने किया बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा

अपेम लाइव : बड़कागांव
अमित मालाकार

दौरे में शामिल जयंत सिन्हा एवं अन्य भाजपाई कार्यकर्ता

हजारीबाग सांसद सह वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति के अध्यक्ष जयंत सिन्हा शनिवार को बड़कागांव प्रखंड के दौरे पर रहे। इस दौरान श्री सिन्हा बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा किया। बड़कागांव काली मंदिर पहुंच कर उन्होंने मत्था टेका एवं मां काली से क्षेत्र की कल्याण के लिए कामना की। श्री सिन्हा बादम, हरली, और नापो गांव का दौरा किया। बादम दौरे के दौरान श्री सिन्हा ने बालिका उच्च विद्यालय का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान बालिका उच्च विद्यालय के सचिव महेंद्र नाथ पांडे ने श्री सिन्हा से स्थापना पूर्व अनुमति मिले बालिका उच्च विद्यालय के लिए पूर्ण प्रस्वीकृति की मांग की। दौरे के दौरान श्री सिन्हा ने कोरोना हारेगा भारत जीतेगा के तहत लोगों के बीच मास्क का वितरण किया और लोगों से कहा के कोरोना का खतरा अभी टला नहीं है। इस लिए कोरोना गाइडलाइन का पालन करें। साथ ही श्री सिन्हा सब्जी विक्रेताओं और रेहड़ी वालों और ग्रामीणों से मिल कर उनका हल चाल जाना। नापोखुर्द में धुर्वधुरवा डैम विस्तारी करण तथा इसको सडक निर्माण को लेकर विशेष चर्चा हुई। मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष रफीक अंसारी, सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर महतो, श्रीकांत निराला, महिला सांसद प्रतिनिधि पूनम साव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि नरेश साव,पूर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव, अशोक साव, गणेश गुप्ता, पूर्वी मंडल अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोदस्सर खान, जिप सदस्य टूकेश्वर प्रसाद, मनीष पांडे, ज्ञानी सिंह,हिरालाल साव सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आंदोलन को लेकर पारा शिक्षकों का बैठक

अपेम लाइव : बरकट्ठा

उपस्थित पारा शिक्षक

प्रखंड के विभिन्न सीआरसी में पारा शिक्षकों की अहम बैठक की गई। बैठक में आगामी 15 नवंबर स्थापना दिवस के अवसर पर पारा शिक्षकों का आंदोलन पर चर्चा की गई। बरकट्ठा प्रखंड सचिव शुकर ठाकुर ने कहा कि यदि हम लोगों को 14 नवंबर के पूर्व स्थायीकरण करते हुए नियमावली की घोषणा नहीं की जाती है। तो राज्य के 65000 पारा शिक्षक झारखंड की राजधानी रांची के मोरहाबादी में एकत्रित होकर स्थापना दिवस का विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार अबतक पारा शिक्षकों को ठगने का काम किया है। शिलाडीह सीआरसी अध्यक्ष राजन कुमार चौधरी ने कहा कि विगत दो वर्षो से सरकार सिर्फ आश्वासन दे रही है। और हमलोग उनके बिछाए जाल में फंसते जा रहे हैं। मौके पर शुकर ठाकुर, भागीरथ ठाकुर, अशोक राणा, राम रतन शर्मा,सरयु महतो, पवन पाण्डेय, रियासत अंसारी, रामलखन प्रसाद समेत आदि पारा शिक्षक उपस्थित थे।


☎ 8809224003
Keshri Electronic
Patna Road, Barhi
Email ID :- kp_keshri@yahoo.co.in
PAN No. :- BRRPA7461G
Owner - Priyanka
बरही में पहली बार मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों एवं फर्नीचर पर फाइनांस की सुविधा।
*0% ब्याज EMI
BAJAJ FINSERV

Mahindra
INSURANCE BROKERS
(Mahindra Group Company)
SAJHEDAARI
vikas mein bhagedari
Point of Sales Person (POSP)
POSP Code: P0007934
Mr. Krishna Prajapati
यहाँ पर सभी गाड़ियो का Motor Insurance Two Wheelers, Private Car, Commercial Vehicles (Auto Rickshaw, Truck, Bus, Tractor) किया जाता है।
LIC Micro Insurance & Health Insurance Available
Add: AT- NEW RAILWAY COLONY GAYA ROAD BARHI 825405
MO:- 7004315535,9122983300
Our Partners
सुविधा उपलब्धः–NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

मेघा लीगल सर्विसेज कैम्प में शामिल हुए मुख्य न्यायाधीश

अपेम लाइव : चुरचू
अरविन्द टुडू

PAN INDIA AWARENESS AND OUTREACH CAMPAIGN
DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, HAZARIBAGH
DISTRICT ADMINISTRATION
NATIONAL LEGAL SERVICES AUTHORITY
JHARKHAND STATE LEGAL SERVICES AUTHORITY
Organizes
MEGA LEGAL SERVICES CAMP

कैंप में शामिल मुख्य न्यायाधीश

चुरचू प्रखंड अंतर्गत लारा गाँव मे शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण , और झारखण्ड विधिक सेवा प्राधिकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान मे मेगा विधिक सेवा कैंप का आयोजन किया गया। इस आयोजन मे मुख्य अतिथि के रूप मे झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सह झालसा के मुख्य संरक्षक डॅा रवि रंजन, विशिष्ट अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सह झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष अप्रेस् कुमार सिंह, झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायधीश सुजीत नारायन प्रसाद, जिला के सत्र प्रधान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हजारीबाग के अध्यक्ष आदित्य कुमार आनंद, डालसा के उपाध्यक्ष मनोज रतन चौथे मेंबर सेक्रेट्री झालसा के मो. हम्मद शकील एवं जिला प्रशासनिक पदाधिकारी शामिल थे। विधिवत तरीके से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इसके साथ ही कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

इस कैंप में लगभग 42 अलग-अलग स्टोलों को लगाया गया

मेघा लीगल सेवा कैंप में 42 अलग-अलग स्टोलों को लगाया गया जिसमें महा विधिक सेवा शिविर जिला विधिक सेवा प्राधीकार, आजादी का अमृत महोत्सव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरचू, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, जिला मत्स्य कार्यालय, मनरेगा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, जल जीवन मिशन स्वच्छ भारत मिशन,ग्रामीण विकास विभाग झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, सीनी टाटा ट्रस्ट एवं सपोर्ट संस्था के द्वारा स्मार्ट गांव कजरी, चुरचू नारी ऊर्जा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड जन जागरण केंद्र मशरूम की खेती कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग कृषि उत्पादन बाजार समिति सोना सोबरन धोती साड़ी योजना प्रदान संस्था सामाजिक सुरक्षा कोषांग मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंचल राजस्व संबंधित शिविर समाज कल्याण विभाग बाल विकास परियोजना जैसे अन्य स्टॅाlलों को स्थापित किया गया था।

विभिन्न योजनाओं के तहत योग्यता धारी लोगो को लाभांवित किया गया

इस विधिक सेवा कैंप में विभिन्न योजनाओं के तहत योग्यता धारी लोगों को लाभान्वित किया गया जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना वृद्धा पेंशन सोना सोबरन योजना, पशुधन योजना सखी योजना के तहत 55 लाख रुपए का चेक देकर सम्मानित किया गया। नौ लाख रुपए से सोलर पंप योजना फूलों जानो अभियान के तहत 50000 का चेक इसके अलावा अनाथ बच्चों को 2000 प्रति माह पेंशन और गोल्डन कार्ड योजना के तहत स्वास्थ्य हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड दिया गया।

मुख्य न्यायाधीश के द्वारा बच्चों को किया गया पुरस्कृत

वहीं इसके अलावे संवैधानिक अधिकार और विधिक अधिकार के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आयोजित पेंटिंग और लेखन प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी मुख्य न्यायाधीश के द्वारा पुरस्कृत किया गया। बतौर मुख्य अतिथि मुख्य न्यायाधीश हाई कोर्ट डॅा रवि रंजन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित अखिल भारतीय जागरूकता औटरिच अभियान जिसका शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन पर दिनांक 2 अक्टूबर को माननीय राष्ट्रपति के कर कमलों से हुआ है। कार्यक्रम का आयोजन 2 अक्टूबर से 14 नवंबर तक किया जाएगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश एम वि रमणा माननीय न्यायमूर्ति श्री यूयू ललित के निर्देश अनुसार अॅास्टरिच के रथ को दौड़ाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने जिस महायज्ञ को आहूत किया है वह अति सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39ए में सामान्य अवसर के आधार पर सबको न्याय और निशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। सामान्य अवसर के आधार पर न्याय सुलभ हो और आर्थिक एवं अन्य नियोगिता के कारण नागरिक न्याय प्राप्त करने के अवसर से वंचित ना रह जाए। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा की महिलाओं की सभा में संख्या को देखकर बहुत खुशी हो रही है। हमारे समाज हमारे परिवार हमारे देश की तरक्की महिलाओं से जुड़ी हुई है इन्हें नजरअंदाज करके कभी भी देश का विकास या समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने विभिन्न साहित्यकारों के माध्यम से महिलाओं के समाज में स्थिति को रेखांकित किया। उन्होंने कवि जय शंकर पाठक, रामधारी सिंह दिनकर, और मैथिलीशरण जैसे कवियों की कविताओं से महिलाओं के समाज में स्थिति को बताया।

वहीं कोरोना महामारी जैसे पेंडेमिक पर उन्होंने कहा कि सभी लोगों को टीका अवश्य लेना चाहिए और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी जरूर से करना चाहिए और उन्होंने सभी लोगों से हमेशा मास्क लगाने की भी विनती की। न्याय विधिक प्राधिकरण के बारे में उन्होंने कहा यह कैंपेन डोर टू डोर जारी है न्याय प्रणाली के तहत अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्तियों को न्याय प्रदान करने में सहायता करना ही इसका उद्देश्य है। नालसा के बारे में बताते हुए उन्होंने किया उल्लेखरू-नालसा के बारे में उन्होंने बताते हुए कहा कि गरीबों को लाभ देने की इसमें योजना तैयार की जा रही है बच्चों के लिए योजना बनाया गया है असंगठित मजदूर के लिए और आपदा से पीड़ित के लिए अपराध से पीड़ितों के लिए गिरफ्तारी के बाद न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए कानूनी सहायता देने के लिए योजना बनाई गई है हर पुलिस थाने में गिरफ्तारी से संबंधित मौलिक अधिकार को लेकर सूचना पर लगाया गया है वहीं इसके अलावा एसिड विक्टिम को भी सहायता प्रदान की जा रही है। धारा 12 के अंतर्गत विधिक सेवा प्राधिकरण एसटी एससी महिला बच्चे मजदूर पीड़ित इन सब को योजनाओं का लाभ देने के लिए स्कीम बनाई गयी है। उल्लेख करते हुए वहीं झालसा के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि को भूतकाल में वार्ड रूम बनाया गया जिसमें मुफ्त चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराया गया। जितने भी इसमें कार्य किए जा रहे हैं वह न्यायपालिका और कार्यपालिका के सहयोग से किए जा रहे हैं। हर राज्य में किस तरह का अभियान चलाया जा रहा है।

चंदवारा के पिपराडीह में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा द्वारा महिलाओं के लिए विधिक जागरूकता शिविर सह कार्यशाला का किया आयोजन

विधिक शिक्षा से होगा कई समस्याओं का समाधान : डालसा सचिव

अपेम लाइव :चंदवारा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण
झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा
Pan India Legal Awareness & Outreach
राष्ट्रीय महिला आयोग
संघ चन्दवारा

जागरूकता शिविर में शामिल लोग

प्रखंड के पिपराडीह पंचायत सचिवालय स्थित दामोदर महिला मंडल संघ कार्यालय में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में तथा झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के संरक्षण व राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा द्वारा महिलाओं के लिए विधिक जागरूकता शिविर सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह सिविल जज सीनियर डिविजन अभिषेक प्रसाद व अंचलाधिकारी रामरतन बरनवाल मौजूद थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को विधिक शिक्षा देने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार कई कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं को सशक्त बनाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाएं शिक्षित होगी तो ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त कई समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि आज विधिक सेवा घर-घर तक पहुंचाई जा रही है और इसके लिए प्रखंडों में पारा लीगल वोलेंटियर्स की नियुक्ति भी की गई है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी किसी को कानून की जानकारी या सेवा की आवश्यकता हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आकर निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। वहीं पैनल की अधिवक्ता सुमन जायसवाल ने नारी उत्पीड़न, घरेलू हिंसा अधिनियम, लैंगिक अपराध, डायन बिसाही अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, कार्य स्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न आदि पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। इस दौरान महिला हेल्प लाइन नम्बर 1091 पर कॅाल करने की बात कही। वहीं पैनल अधिवक्ता टीनू कुमारी ने दहेज प्रथा, बाल विवाह व मानव तस्करी जैसे विषयों पर विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी जानकारियां रखकर हम गुमराह होने से बच सकते हैं। अंचलाधिकारी रामरतन बरनवाल ने कहा कि कानून की जानकारी के अलावा महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण में ही स्वच्छ समाज की कल्पना की जा सकती है। पिपराडीह मुखिया सह अधिवक्ता धीरज कुमार ने समाज में व्याप्त नशाखोरी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा की आज समाज के लिए नशा एक अभिशाप बन चुका है। उन्होंने महिलाओं से अपील किया कि वे अपने घरों में नशा मुक्ति से संबंधित अभियान चला कर अपने घर को खुशहाल कर सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान उज्जवला होम के अधीक्षक पूनम साहू ने अनाथ बच्चों व असहाय लोगों को मिलने वाली सुविधाओं से संबंधित बात कही। जबकि चाइल्डलाइन की सुनीता कुमारी ने बाल मजदूरी व बाल विवाह जैसे कुरीतियों के रोकथाम पर विशेष चर्चा किया। उन्होंने बच्चों की समस्या से संबंधित जानकारी के लिए हेल्पलाइन नम्बर 1089 पर कॅाल कर जानकारी लेने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान दामोदर महिला मंडल संघ द्वारा संचालित नारी अदालत से संबंधित जानकारी संघ की पूनम सिंह, टूकलेश्वरी देवी व मीना देवी ने दिया। मौके पर ओपी प्रभारी मदन मुंडा, एएसआई लक्ष्मण गोप, गुंजरी देवी, सीता देवी, फुलवा देवी, उमा देवी, पार्वती देवी, बसंती देवी, सावित्री देवी, बबीता देवी, सहिया दीदी संजू देवी प्रमिला देवी, शिक्षिका निर्मला कुमारी, कोमल देवी, महेश राणा, सद्दाम अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन न्यायालय कर्मी रंजीत सिंह व धन्यवाद ज्ञापन पारा लीगल वॉलेंटियर्स अशोक अकेला ने किया।

छठ पर्व को ले हुई घाट की सफाई

अपेम लाइव : बरकट्ठा

छठ घाट की सफाई करते लोग

बरकट्ठा लोकआस्था का महापर्व छठ को देखते हुये प्रखण्ड का महत्वपूर्ण व प्रसिद्ध बेलवा नदी छठ घाट बरकट्ठा की घाट की सफाई स्थानीय विधायक अमित यादव की पहल पर पोकलेन व जेसीबी की मदद से की जा रही है ज्ञात हो बेलवा नदी छठ घाट की स्थिति काफी खराब थी विधायक अमित यादव पिछले सप्ताह छठ घाट का निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश युवकों को दिए थे इसी की निमित आज पोकलेन से पूरे घाट की सफाई की सफाई की गई साथ ही एनएच फोरलेन से लेकर छठ घाट तक मजदूर लगाकर घाट की सफाई की जा रही है ज्ञात हो इस घाट पर छठ पूजा समिति के युवको द्वारा आकर्षक रूप से साज सज्जा लाइटिंग व लाउडस्पीकर लगाया जाता है वही स्थानीय युवकों की पहल पर श्रद्धालुओं द्वारा छठ के दूसरे अर्घ्य के दिन भव्य भंडारे का आयोजन अम्बेडकर क्लब के भवन में किया जाता रहा है इस व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधियों द्वारा भी छठ पूजा समिति के द्वारा की जा रही व्यवस्था की भूरी भूरी प्रसंशा की जाती रही है । घाट की सफाई के दौरान सुनिल श्रीवास्तव, पंसस अशोक गुप्ता, विनोद सोनी, दीपक सोनी, अलोक कुमार बबलू श्रीवास्तव, गणेश सोनी, पप्पू दास, किशोर दास, आकाश कुमार, गुड्डा , मिथलेश, सचिन उपस्थित थे ।


DIVINE LIGHT ACADEMY
Come with dream and leave with success
A premier coaching institute for....
COURSE:-
CLASS:- 6TH-12TH(CBSE)
ABACUS BRAIN BOOSTER
SAINIK ,NAVODYA ENTRANCE
KI BHI TAIYARI HOTI HAI
EXPERIENCED FACULTY FROM RANCHI & PATNA
ADD:-NEAR BY OLD DURGA TEMPLE LANDMARK:-BAKRI BAZAR
PH:7667734065,8877780099 Director:-Sudhir Thakur